अभियान — सभी आंगनवाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों और पोलियो बूथों पर बच्चों को पिलाई गई दवा

# दो बूंद जिंदगी के पिलाकर पोलियो अभियान का आगाज



**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत रविवार को रानी दुर्गावती चिकित्सालय एल्गिन में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नवीन कोठारी द्वारा 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के पहले दिन सभी आंगनवाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों और पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। इस दौरान सुबह से ही बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को दवा पिलाने के लिए केंद्रों पर पहुंचे।

टीका लगने के दौरान 'दो बूंद जिंदगी की' — हर बच्चे को, हर बार पोलियो पर जीत रहे बरकरार का स्लोगन चारों तरफ गूंजता रहा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान के पहले दिन निर्धारित लक्ष्य से करीब 77 प्रतिशत नवजात शिशुओं को पोलियो की दवा पिलाई गई। विदित हो कि जबलपुर जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल लगभग 3 लाख 89 हजार 226 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में 2468 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जिन पर 4936 टीकाकरण कर्मी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इस दौरान हॉस्पिटल अधीक्षिका डॉ नीता पाराशर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विनोद गुप्ता, जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील, आर आई मैनेजर विजय पांडे, अर्चना शिवहरे, विकास श्रीवास्तव, अंजली दीवान, शारदा बुंदेला सहित अस्पताल का स्टॉफ उपस्थित रहा।

### 29-30 जून को घर-घर किया जाएगा भ्रमण

अभियान के प्रथम दिवस 28 जून को बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। इसके पश्चात 29 एवं 30 जून 2026 को स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा घर-घर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, ताकि कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे। इस अवसर पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा जिले के समस्त अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं तथा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### आला अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

इस अभियान की सफल संचालन के लिए जिले और संभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा बूथ पर जाकर चल रहे टीकाकरण अभियान का मुआयना किया। इस कड़ी में क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं संभाग जबलपुर डॉ भरत कुमार खटीक के द्वारा सीएससी बरगी में चल रहे राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का निरीक्षण किया साथ ही इस दौरान उन्होंने बच्चों को दो बूंद पोलियो की पिलाई। इस दौरान सीबीएमओ डॉ रश्मि भटनागर, संभागीय कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर निहार दीवान एवं यूएनडीपी के अतुल करकरे भी उपस्थित थे। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नवीन कोठारी ने भी शहर के कांचघर, घमापुर तथा वल्दी कोरी की दफाई क्षेत्र के पोलियो बूथ पहुंचकर चल रहे राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम का निरीक्षण किया, इस दौरान साथ में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विनोद गुप्ता एवं जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील उपस्थित थे।



## स्नेह नगर स्वास्थ्य केंद्र में नौनिहालों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की

**नवभारत,जबलपुर।** दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार इस संदेश के साथ रविवार को पोलियो दिवस पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्नेह नगर में पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ। जिला चिकित्सालय के आमंत्रण पर स्वास्थ्य केन्द्र पहुंची नवभारत संवाददाता सुरभि तिवारी ने नौनिहालों को 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाकर अभियान की शुरुआत की।

स्वास्थ्य केन्द्र में मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीषा चौबे की देखरेख में चल रहे अभियान में वार्ड के सुपरवाइजर सोनसिंह सोनगोत्रा एवं नर्सिंग ऑफिसर रोशनी अहिरवार ने जन्म से लेकर 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। अभियान के दौरान खुशी खुशी अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने बूथ पर पहुँचे अभिभावकों ने बच्चों को दवा पिलाकर अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करते हुए संतुष्टि का एहसास किया।

### चॉकलेट पाकर खिल उठे नौनिहालों के चेहरे

पोलियो की खुराक पिलाने के बाद स्वास्थ्य केंद्र की ओर से बच्चों को चॉकलेट वितरित की गई। चॉकलेट मिलते ही नौनिहालों के चेहरे खुशी से खिल उठे और पूरे केंद्र का माहौल उत्साहपूर्ण हो गया। इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीषा चौबे ने अभिभावकों से अपील की कि पोलियो की दवा पिलाने के कम से कम आधे घंटे बाद ही बच्चों को चॉकलेट या अन्य खाद्य पदार्थ दें, ताकि दवा का पूरा लाभ मिल सके। पोलियो की खुराक पिलाने के बाद बच्चों की उंगली पर पहचान के लिए स्याही का निशान लगाया गया, ताकि अभियान के दौरान किसी भी बच्चे की खुराक छूटने या दोबारा पिलाने की स्थिति न बने।


### एक नजर में



## 1041 बूथों में कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर के कार्यकर्ताओं ने शहर के सभी 1041 बूथों में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम को सुना। मन की बात प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया ''मन की बात'' कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर बाई का बगीचा शीतलामाई वार्ड में, राज्य सभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकी गढ़ाफाटक जवाहरगंज वार्ड में, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन राइट टाउन सुभद्रा कुमारी वार्ड में, विधायक अशोक रोहाणी सदर मोतिबाड़ा में, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन 90 क्वाटर गुलाब सिंह वार्ड में, महिला मोर्चा अध्यक्ष अश्वनी पराँजपे गढ़ा वार्ड में, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज बिलहरी निवास पर, प्रदेश संयोजक संदीप रजक दरहाई में, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी श्रीकान्त साहू ने अवधपुरी ग्वारीघाट वार्ड में, प्रदेश प्रवक्ता डॉ वाणी अहलुवालिया निवास स्थान में क्षेत्रीय जनों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

## मोहम्मद फैसल पवित्र उमरा यात्रा के लिए होंगे रवाना



**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर के जाने-माने समाजसेवी एवं प्रसिद्ध जूडो कोच आबिद हुसैन खान के सुपुत्र मोहम्मद फैसल आगामी 30 जून को अपनी पवित्र धार्मिक यात्रा 'उमरा' के लिए रवाना होने जा रहे हैं। वे इस बेहद खास और रूहानी यात्रा के अंतर्गत सऊदी अरब के सबसे पवित्र शहर मक्का के लिए उड़ान भरेंगे। मोहम्मद फैसल के उमरा यात्रा पर जाने की खबर जैसे ही उनके परिचितों और क्षेत्रवासियों को मिली, पूरे समाज और परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। इस पावन अवसर पर उनके सभी रिश्तेदारों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें मिलकर तथा दूरभाष के माध्यम से ढेरों मुबारकबाद और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस बेहद महत्वपूर्ण धार्मिक सफर पर निकलने से पहले मोहम्मद फैसल ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने यात्रा की निर्विघ्नता, कुशलता और कामयाबी के लिए अपने सभी अजीजों, दोस्तों और रिश्तेदारों से विशेष तौर पर दुआओं की दरख्वास्त की है, ताकि उनकी यह इबादत और पवित्र यात्रा गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।

## शिखा ताम्रकार को मिली पीएचडी की उपाधि



**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में डी. एन. जैन महाविद्यालय की अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. शिखा ताम्रकार को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें यह उपाधि 'मध्य प्रदेश के कृषि विकास में सिंचाई परियोजनाओं का आर्थिक विश्लेषण (जबलपुर जिले के विशेष संदर्भ में)' शोध शीर्षक पर मिली है। उन्होंने यह शोध कार्य हितकारिणी महिला महाविद्यालय की अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. ममता पाठक के कुशल निर्देशन में पूरा किया। डॉ. शिखा ताम्रकार जीवन लाल ताम्रकार और सावित्री ताम्रकार की पुत्री और प्रमोद ताम्रकार, श्यामली ताम्रकार, मंजू ताम्रकार, दिलीप ताम्रकार, मृदुला ताम्रकार की बहन है। उनकी इस बड़ी शैक्षणिक उपलब्धि से परिवार और ताम्रकार समाज में काफी हर्ष का माहौल है और सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। डॉ. शिखा ताम्रकार ने अपनी इस सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता और शुभचिंतकों को दिया है।

## सेंट पीटर एंड पॉल का महापर्व भक्तिमय माहौल में संपन्न



**नवभारत, जबलपुर।** सदर स्थित सेंट पीटर एंड पॉल महागिरजाघर में सेंट पीटर एंड पॉल का महापर्व और पल्ली दिवस बड़ी ही भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम रविवारीय मिस्सा बलिदान जबलपुर धर्मप्रांत के प्रमुख डॉ. वल्लन अरसू द्वारा अर्पित किया गया। इसके बाद पल्ली के सदस्यों द्वारा एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में धर्मप्रांत प्रमुख और पल्ली प्रमुख द्वारा उन सभी बच्चों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने पिछले वर्ष अपनी कक्षाओं में सर्वाधिक अंक हासिल किए थे। पल्ली प्रमुख डॉ. फादर डेविस जॉर्ज एवं सह-पल्ली पुरोहित जॉन सुरेंद्र कुमरे ने पेत्रुस और पौलुस पल्ली दिवस पर सभी पल्लीवासियों को शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन को सफल बनाने में जॉन डेविड, मनोज एंथोनी, रेषलू पीटर, विक्टोरिया दास, मेरी एंड्रयूज और सतीश मनी सहित कई लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## रोजाना योग करना स्वस्थ जीवन का मूल आधार

प्रसंग के योग दिवस कार्यक्रम में जुटे देशभर के विशेषज्ञ



**नवभारत,जबलपुर।** योग को दिनचर्या में अपनाकर शारीरिक, आध्यात्मिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहा जा सकता है।यह बात इंजीनियर विनोद नयन ने प्रसंग संस्था द्वारा ऑनलाइन आयोजित योग से निरोग की ओर बढ़ते कदम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

गूगल मीट पर हुए प्रसंग के 518वें आयोजन में विषय विशेषज्ञ डॉ. मुकुल तिवारी ने योग का विज्ञान एवं वैज्ञानिक आधार बताया, जबकि डॉ. विनोद बाजपेई ने योग और आध्यात्म पर विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ कवियित्री कविता नेमा की सरस्वती वंदना से हुआ। डॉ. रानू रुही ने स्वागत उद्बोधन दिया। द्वितीय सत्र में फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. अंकिता नेमा ने लाइव योग सेशन प्रस्तुत कर योग की क्रियाओं का अभ्यास कराया। साहित्यकार अर्चना द्विवेदी 'गुदालू' ने विचार अभिव्यक्ति दी। सभी प्रतिभागियों ने प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. विनीता पाण्डेय ने किया। प्रसंग के संयोजक बसंत कुमार शर्मा ने आभार व्यक्त किया। आयोजन में डॉ. मकबूल अली कादरी, एडवोकेट तृप्ति त्रिवेदी, रेखा खरे, प्रियंका पांडेय, संगीता त्रिपाठी, संजय हिरवानी सहित देशभर के साहित्यकारों, शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

## सैम सीनियर सिटीजन क्लब का बुंदेली गीत कार्यक्रम आज

**नवभारत, जबलपुर।** सैम सीनियर सिटीजन क्लब द्वारा आज 29 को शाम 5 बजे से साउथ एवेन्यू मॉल में बुंदेली गीतों का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में नगर की बुंदेली गायिका संगीता ठाकुर अपनी प्रस्तुति देंगी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए क्लब के सभी सदस्यों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है। यह कार्यक्रम बुंदेली लोक संस्कृति और गीतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में क्लब के सदस्य शामिल होंगे। कार्यक्रम में सभी सदस्यों से उपस्थित रहने और व्यवस्थाओं में सहयोग देने की अपील संयोजक जादूगर एस. के. निगम, विंग कमांडर चंदन शर्मा, जसवीर चोपड़ा, रश्मि श्रीवास्तव और प्रभा बच्चन श्रीवास्तव ने की है।

## कबीर सम्मान एवं कृति लोकार्पण समारोह आज

**नवभारत,जबलपुर।** साहित्य सहोदर संस्था जबलपुर के तत्वावधान मे कबीर सम्मान एवं पुस्तक लोकार्पण समारोह 2026, 29 जून को दोपहर 3.30बजे श्रीजानकीरमण महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ अलकेश चतुर्वेदी प्राचार्य/ शिक्षाधिकारी पी.एम. एक्सीलेंस महाकौशल महाविद्यालय अध्यक्षता शरदचंद्र पालन , सारस्वत अतिथि सम्पूर्ण तिवारी वरिष्ठ अधिवक्ता मध्यप्रदेश उच्चन्यायालय, संदीप जैन, अध्यक्ष, जबलपुर विकास प्राधिकरण, प्रशांत केशरवानी उपाध्यक्ष जबलपुर विकास प्राधिकरण, संस्थापक सुरेश मिश्र विचित्र मौजूद रहेंगे। उक्त अवसर पर ख्यातिलब्ध व्यंग्य कार सुरेश मिश्र विचित्र की नवीनतम पुस्तक 'कटर पिल्ला व्यंग्य संग्रह 'का लोकार्पण होगा साथ ही विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों द्वारका गुप्त गुप्तेश्वर, कैलाशचंद अवस्थी, जगतमणि चतुर्वेदी, आशुतोष तिवारी, दीपक तिवारी, डॉ संध्या जैन श्रुति, डॉ विनिता पांडे, रामकृष्ण परमहंस पांडे को कबीर सम्मान 2026 से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में नाट्य लोक सामाजिक सांस्कृतिक संस्था के द्वारा कबीर के भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी ।



## अकीदत के साथ निभाई गई 75 वर्षों पुरानी लंगर परंपरा

**नवभारत, जबलपुर।** गोहलपुर की नई बस्ती में मुहर्रम पर करीब 75 वर्षों से चली आ रही लंगर-ए-इमाम की परंपरा इस साल भी अकीदत के साथ निभाई गई।इस लंगर में हजारों अकीदतमंदों ने शामिल होकर तबर्रुक लिया। आयोजन समिति ने बताया कि बुजुर्गों द्वारा शुरू की गई इस रिवायत को अब नई पीढ़ी आगे बढ़ा रही है। इस मौके पर पहुंचे पार्षद याकूब अंसारी ने इस आयोजन को भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शायर मुख्तार नादिर का विशेष रूप से इस्तकबाल किया गया। आयोजन में पुरानी रिवायत और अकीदत का रंग साफ नजर आया। इस आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय लोगों की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान मोहम्मद अख्तर, इसरार अहमद, अयाज अहमद अंसारी और मसूद अहमद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## आईडीए के विद्यार्थियों ने एक्स्पो में बिखेरे प्रतिभा के रंग

'दो दिवसीय डिजाइन एक्स्पो एंड एक्जीबिशन का आयोजन



**नवभारत, जबलपुर।** इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी, विजय नगर द्वारा साउथ एवेन्यू मॉल में आयोजित दो दिवसीय डिजाइन एक्सपो एंड एक्जीबिशन में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एकेडमी की फाउंडर और डायरेक्टर बतुल अली द्वारा उद्घाटित इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता को पहचान दिलाना और उन्हें बेहतर मंच प्रदान करना है। इस आयोजन में शहर के नामी विशेषज्ञों ने शामिल होकर विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के लिए चुना, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने की राह मिली। इसमें सबसे बड़े गौरव की बात यह सामने आई कि एकेडमी के विद्यार्थियों द्वारा भारतीय परंपरा के ब्लॉक प्रिंट और मिरर वर्क से तैयार डिजाइनों को आगामी 29 जुलाई को रोमानिया फैशन वीक में प्रदर्शित किया जाएगा।

**स्मार्ट मिनिएचर मॉडल्स और डिजाइंस रहे आकर्षण**-इस विशेष प्रदर्शनी में इंटीरियर डिजाइनिंग और फैशन डिजाइनिंग दोनों क्षेत्रों से 40-40 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इंटीरियर डिजाइन के विद्यार्थियों द्वारा तैयार आर्किटेक्चरल मिनिएचर मॉडल्स आकर्षण का केंद्र रहे, जिनमें आवासीय और व्यावसायिक श्रेणियों के तहत इको-फ्रेंडली बिल्डिंग्स से लेकर स्मार्ट और इनोवेटिव कॉन्सेप्ट प्रदर्शित किए गए। इन बेहतरीन मॉडल्स को विशेषज्ञों की सराहना मिली और वहां पहुंचे युवा इनके साथ सेल्फी लेते नजर आए। वहीं, फैशन डिजाइनिंग के विद्यार्थियों ने ब्लॉक प्रिंट और मिरर वर्क से जुड़े अपने आकर्षक डिजाइनों को प्रदर्शित कर अपनी रचनात्मकता की छाप छोड़ी।

**फैकल्टी के सहयोग से कार्यक्रम बना सफल**-आयोजन में फैकल्टी कुसई अली, अमृता गुप्ता, आशा मंझानी, काजोल सिंह ठाकुर, सम्राट सराफ और मुस्कान मतानी का सहयोग रहा।

## सिद्ध चक्र महामंडल विधान के समापन पर निकली शोभायात्रा



**नवभारत, जबलपुर।** शिवनगर कॉलोनी दिगम्बर जैन मंदिर में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के समापन पर शनिवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिनालय प्रांगण से शुरू हुई इस शोभायात्रा में सबसे आगे पालकी पर श्रीजी सहित अन्य भगवान विराजमान थे, जिन पर सौधर्म इंद्र चंवर डुला रहे थे। केसरिया और धवल परिधानों में सजे श्रावक-श्राविकाएं महावीर स्वामी का जयघोष कर रहे थे। दुलदुल घोड़ी के प्रदर्शन और बैंड-बाजे की मधुर धुनों के बीच निकली यह शोभायात्रा जिन गलियों से गुजरी, वहां श्रद्धालु श्रद्धावनत हो गए। इस पूरे आयोजन में मुनिश्री निर्दोष सागर, निर्लोभ सागर और निरूपम सागर का विशेष सान्निध्य रहा, जिसमें जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### परस्पर प्रेम फैलाना ही अनुष्ठान का उद्देश्य

शोभायात्रा का विधिवत पूजन के साथ समापन होने के बाद आयोजित धर्मसभा में मुनिश्री निर्दोष सागर ने कहा कि अनुष्ठान करने का मुख्य उद्देश्य सबमें परस्पर प्रेम फैलाना है। उन्होंने कहा कि परिश्रम चुपचाप करो, आसपास खुशियां बांटो और नफरत को कभी पास मत आने दो। देव, शास्त्र और गुरु ही हमारे अपने खास हैं। कार्यक्रम के अंत में मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश जैन आकुल ने सभी से उत्तम क्षमा की याचना की, वहीं उपाध्यक्ष अभिषेक जैन विक्की ने आभार प्रकट किया।

## महामंडलेश्वर स्वामी रामचंद्रदास शास्त्री की पावन पुण्यतिथि आज



**नवभारत,जबलपुर।** श्री नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज में श्री सनातन धर्म महासभा के संस्थापक, संस्कारधानी जबलपुर को धर्मधानी बनाने वाले साकेत वासी महामंडलेश्वर स्वामी रामचंद्रदास शास्त्री की पावन पुण्यतिथि ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार 29जून को प्रात: 10 :30 से उनके श्रीविग्रह का पूजन अर्चन, संतों के प्रवचन और नरसिंह भगवान की महाआरती, प्रसाद वितरण पूज्य श्रीमद् जगदगुरू डॉ स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज व पूज्य संत महात्माओं के सानिध्य में होगी। इस पावन अवसर पर अपनी भावांजलि देकर दादा गुरुजी का शुभाशीष प्राप्त करने नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज जबलपुर में नरसिंह मंदिर गीताधाम भक्त मंडल परिवार, श्री सनातन धर्म महासभा जबलपुर ने भक्तों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

मौसम का असर — जिला अस्पताल, मेडिकल सहित निजी क्लीनिकों में आ रहे मरीज

# बदलते मौसम ने लोगों की सेहत पर किया वार



**नवभारत,जबलपुर।** कभी तेज उमस-गर्मी तो कभी ठंडक ये पिछले कुछ दिनों से लगातार शहर में बदल रहे मौसम का असर अब शहरवासियों की सेहत में नजर आने लगा है। बदलते मौसम के बीच लोगों के गले में खराश, सर्दी, खांसी, बुखार और वायरल संक्रमण से गुजरना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल विक्टोरिया और मेडिकल की ओपीडी में इन समस्याओं के मरीजों की भीड़ इस बात का संकेत दे रही है कि बदलता मौसम लोगों को रास नहीं आ रहा है। उधर दूसरी तरफ शहर के निजी क्लीनिकों की कैजुअल्टी, ओपीडी भी फुल चल रहीं हैं जिसमें अधिकांशत: गले में खराश, सर्दी, खांसी, बुखार और वायरल संक्रमण के मरीजों को देखा जा रहा है।

### लापरवाही नहीं बरतें, तत्काल डॉक्टर के पास जाएं

जिला अस्पताल के एमडी मेडिसिन डॉ. संदीप भगत और डॉक्टर दीपक दुबे के अनुसार बदलते मौसम में इन दिनों गले में खरास, बुखार, शरीर दर्द जैसी समस्याओं के मरीज बढ़े हैं। बदलते मौसम में लापरवाही बरतने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे समय में पर्याप्त पानी पीना, संतुलित आहार लेना, भीड़भाड़ वाली जगहों पर सावधानी बरतना और व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। यदि बुखार या गले की तकलीफ दो-तीन दिन से अधिक बनी रहे तो बिना देरी किए तत्काल डॉक्टर के पास संपर्क करें। क्योंकि सतर्कता ऐसे समय बहुत जरूरी हो जाती है। दोनों डॉक्टर्स ने ये भी शहरवासियों से अपील की है कि वे खुद दवाई की दुकान से दवाई न लें क्योंकि अनजाने में ये खतरनाक भी हो सकता है। अधिकांशत: देखा गया है कि सर्दी, बुखार या गले में खरास होने पर लोग दवा की दुकान में जाकर खुद अपने मन से दवाईयां ले लेते हैं। डॉक्टर्स का स्पष्ट कहना है कि ऐसे समय लापरवाही बिल्कुल नहीं करनी चाहिए।



## कांग्रेस सेवादल ने शारदा चौक पर किया ध्वज वंदन

**नवभारत, जबलपुर।** शहर कांग्रेस सेवादल द्वारा इंदिरा बस्ती दुर्गा मंदिर के पीछे शारदा चौक में मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अविनाश भार्गव के निर्देशानुसार जबलपुर शहर कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक पाठक के मुख्य आतिथ्य और क्षेत्रीय पार्षद तुलसी लखन प्रजापति के सौजन्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम समापन के बाद अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. वी. निवासन की नियुक्ति पर सभी सेवादल साथियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर शहर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष पंडित सतीश तिवारी, एडवोकेट मीनाक्षी स्वामी, उमेश पटेल, राकेश चक्रवर्ती, रीना विश्वकर्मा, अशोक यादव, इस्माइल पठान, विष्णु विनोदिया, आनंद यादव, विकास जाट, जितेंद्र यादव, किरण श्रीवास्तव, सचिन चौरसिया, भूरा साहू, गुरु पांडे, प्रीति सेन, रेश्मि सेन, सुषमा यादव, सुधीर यादव, बसंती ठाकुर, मनीष, सुमित यादव, संतोष यादव, पप्पू यादव सहित अनेक क्षेत्रीय नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।